>

Title: Demand to protect the fertility of the agricultural land from excess use of chemical fertilizers and non-scientific process of agriculture.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र की एक विशेष समस्या की तरफ खींचना चाहता हूं। कृषि के अवैज्ञानिक तौर-तरीके अपनाये जाने के कारण तथा रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित प्रयोग करने के कारण हमारे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जमीनों का पी.एच. मान बढ़ रहा है और १५ परसेंट के आसपास जमीन पूरे तौर पर ऊसर हो गई है तथा और १५ परसेंट जमीन का पी.एच. आठ परसेंट के आसपास पहुंच चुका है जिससे के उनके ऊसर होने का खतरा पैदा हो गया है। इससे उत्पादकता पर भी असर प्रड़ रहा है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि बहुत शीघ्र ही इस मामले की जांच कराकर, एक प्रोजैक्ट बनाकर भूमि सुधार की योजना लागू करने का कष्ट करें।

सभापति महोदय : यदि माननीय सदस्य थोड़ा समय लेंगे तो अधिकाधिक सदस्यों को बोलने का समय मिल सकेगा।